भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1265
गुरूवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कर्नाटक के कलबुर्गी में दत्तात्रेय मंदिर का विकास

1265 श्री जग्गेश:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में काशी कॉरिडोर की तर्ज पर दत्तात्रेय मंदिर के विकास के लिए तीर्थयात्रा पुनरूद्धार और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के तहत कर्नाटक सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रस्ताव की स्थिति क्या है तथा योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा कितनी अनुदान राशि का अनुरोध किया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय प्रशाद योजना के तहत तीर्थ गंतव्यों/विरासत स्थलों के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

प्रशाद योजना के तहत, कलबुर्गी जिले में दत्तात्रेय मंदिर के विकास के लिए कर्नाटक राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

तथापि, मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत कर्नाटक राज्य में 45.71 करोड़ रु. की लागत से 'श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास' नामक एक परियोजना को स्वीकृत किया है। इसके अतिरिक्त, कर्नाटक में विकास के लिए दो स्थलों अर्थात श्री रेणुका यल्लम्मा मंदिर, सौदत्ती, जिला बेलगावी और जिला बीदर में पापनाश मंदिर को चिह्नित किया गया है।

*****